दोनों कानों से सुनने में अक्षम 8 महीने के बच्चे की सफल सर्जरी

संबंधित समाचार

संबंधित विषय

स्वास्थ्य और यात्रा

--आईएएनएस

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (आईएएनएस)| इन्द्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में दोनों कानों से सुनने में अक्षम आठ महीने के बच्चे की कॉक्लियर इम्प्लान्ट की मदद से सफल सर्जरी की गई। इस सर्जरी के साथ यह बच्चा एन7 डिवाइस से युक्त बाईलेटरल साईमलटेनियस कॉक्लियर इम्प्लान्ट का इस्तेमाल करने वाला देश का सबसे कम उम्र का मरीज बन गया है। नई दिल्ली के इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के ईएनटी स्पेशलिस्ट/ ओटोहीनोलैरिंजोलोजिस्ट के सीनियर कन्सलटेन्ट डॉ. अमित किशोर ने कहा, "इतनी कम उम्र में अगर किसी बच्चे को ठीक से सुनाई न दे तो जल्द से जल्द इलाज करना बहुत जरूरी होता है।"

उन्होंने कहा, "इस बच्चे के मामले में कॉक्लियर इम्प्लान्ट की मदद से ही ऐसा संभव था। इस मामले में हमें बाईलेटरल साइमलटेनियस कॉक्लियर इम्प्लान्ट का इस्तेमाल करना था, यानी दोनों कानों में एक साथ इम्प्लान्टेशन करना जरूरी था।"

उन्होंने कहा, "आठ महीने और मात्र 10 किलो वजन के छोटे बच्चे में इस तरह की सर्जरी के लिए खास विशेषज्ञता की जरूरत होती है। इसीलिए लोग इतने छोटे बच्चों की सर्जरी करवाने से घबराते हैं। हालांकि तकरीबन 1,000 कॉक्लियर इम्प्लान्ट्स के अनुभव के साथ हम इतने छोटे बच्चे में इस तरह की सर्जरी करने में सक्षम हैं।"

उन्होंने बताया कि बच्चे के माता-पिता ने आधुनिक कॉक्लियर इम्प्लान्ट न्युक्लियस 7 (एन7) डिवाइसेज लगवाने का फैसला लिया। इसी के साथ यह बच्चा एन7 डिवाइस से युक्त बाईलेटरल साईमलटेनियस कॉक्लियर इम्प्लान्ट का इस्तेमाल करने वाला देश का सबसे कम उम्र का मरीज बन गया है।

डॉ किशोर ने बताया, "वह संभवतया देश में सबसे कम उम्र का मरीज है जिसमें बाईलेटरल साइमलटेनियस कॉक्लियर इम्प्लान्ट किया गया है और निश्चित रूप से अपोलो के बाइटरल कॉक्लियर इम्प्लान्ट प्रोग्राम का भी सबसे छोटा मरीज है।"

डॉ किशोर ने बताया कि इम्प्लान्टेशन सर्जरी में किसी तरह की जटिलता नहीं रही, सर्जरी बिल्कुल ठीक हुई। सर्जरी के बाद ऑडियोलोजिस्ट्स ने एसपीहियर क्लिनिक में एन7 डिवाइसेज को बदला है, जहां उसे हियरिंग और स्पीच थेरेपी भी दी जा रही है।

© 2018 आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित।
किसी भी रूप में कहानी / फोटोग्राफ के प्रजनन कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

समाचार, विचार और गपशप के लिए, अनुगमन करें @IANSLIVE at ट्विटर हमें यहाँ तलाशें फेसबुक पर भी!

अंतिम नवीनीकृत: 27 दिसंबर, 2018

We were unable to load Disqus. If you are a moderator please see our troubleshooting guide.

वीडियो गैलरी

YouTube 598K

आज का दिन

ARIES

Big group projects or partnerships should go quite well if you start them today. Your energy is just right for making sure that people are working smoothly as a team.

Click here for

आईएएनएस IANS India's Largest Independent Newswire IANS Mobile IANS Photo IANS Publishing IANS Video

हमारे बारे में गोपनीयता नीति हमारे साथ विज्ञापन

© 2018 आईएएनएस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड.

हमें बुकमार्क करना ना भूलें! (CTRL-D)

साइट द्वारा डिज़ाइन किया गया: आईएएनएस